आकाशवाणी श्री विजयपुरम

13.11.2024 समय : 1850

- द्वीपसमूह मे कल से राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह मनाया जाएगा ।
- राष्ट्रीय कैडेट कोर –एन सी सी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह, अपने दो दिवसीय दौरे पर आज श्री विजयपुरम पहुंचे।
- भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण– एफ एस एस ए आई ने ई–कॉमर्स क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ बनाने के लिए परामर्श जारी किया है।
- दुनिया भर में औसत मासिक तापमान अत्यधिक बढ़ने के कारण दो हजार चौबीस के अब तक का सबसे गर्म वर्ष रहने की आशंका है।
- दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल के तहत आज क्षेत्र के प्राथमिक कक्षा के छात्रों के लिए पहला अंतर विद्यालय स्किपिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया।

<><><><><><>

द्वीपसमूह मे कल से राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह मनाया जाएगा। श्री विजयपुरम के राज्य पुस्तकालय में सप्ताह का उद्‌घाटन किया जाएगा। इस अवसर पर मल्टीमीडिया का शुभारंभ किया जाएगा। पुस्तकालय के लघु सम्मेलन कक्ष में मल्टीमीडिया स्थापित की जाएगी, जिससे अच्छी इंटरनेट सुविधा के साथ बड़े पैमाने पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा सकेगा। शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह कल शाम साढ़े चार बजे राज्य पुस्तकालय में पुस्तक प्रदर्शनी और मल्टीमीडिया का उद्‌घाटन करेंगे। बीस नवम्बर तक चलने वाले पुस्तक सप्ताह के दौरान आम जनता प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकती है। पुस्तक प्रदर्शनी के अलावा शिक्षा विभाग की ओर से राज्य पुस्तकालय में स्कूली विद्यार्थियों के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें भाषण, कहानी वाचन, पुस्तक वाचन और चित्रकारी जैसी प्रतियोगिताएं शामिल हैं।

<><><><><><>

राष्ट्रीय कैडेट कोर –एन सी सी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह, अपने दो दिवसीय दौरे पर आज श्री विजयपुरम पहुंचे। दौरे के दौरान उन्हें सेना और नौसेना एन सी सी इकाइयों द्वारा कैडेटों की प्रशिक्षण गतिविधियों और विभिन्न सामाजिक सेवा तथा सामुदायिक विकास गतिविधियों की जानकारी दी गई। उन्होंने द्वीपों में एन सी सी शिविरों और गतिविधियों में सुधार के लिए भविष्य की बुनियादी ढांचागत योजनाओं पर चर्चा करने के लिए द्वीपों के उप–राज्यपाल से मुलाकात की। महानिदेशक ने कमान के कमांडर–इन–चीफ से भी मुलाकात की और सेना, नौसेना और वायु सेना इकाइयों द्वारा सुगम बनाए गए विभिन्न प्रशिक्षण संबंधी मुद्दों पर चर्चा की, जो कैडेटों को भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कैडेटों, एसोसिएट एन सी सी अधिकारियों और प्रशिक्षण कर्मचारियों के साथ भी बातचीत की।

<><><><><><>

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण– एफ एस एस ए आई ने ई–कॉमर्स क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ बनाने के लिए परामर्श जारी किया है। प्राधिकरण ने ई–कॉमर्स खाद्य व्यवसाय संचालकों–एफबीओ से कहा है कि उपभोक्ताओं को वितरण के समय खाद्य पदार्थों की न्यूनतम शेल्फ लाइफ तीस प्रतिशत या उपभोग लायक नहीं रहने से पहले चालीस दिन रखी जाए। प्राधिकरण ने ई–कॉमर्स एफबीओ के साथ कल दिल्ली में बैठक की, जिसमें दो सौ से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। प्राधिकरण ने एफबीओ को ऑनलाइन प्लेटफार्म पर बढ़ा–चढ़ा कर किए जा रहे दावों से बचने के लिए भी सावधान किया।

<><><><><><>

क्षेत्रीय लेखा कार्यालय के संयुक्त रक्षा लेखा नियंत्रक की ओर से माहव्यापी स्पर्श आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। तीस नवंबर तक बुनियादाबाद के अयप्पा मंदिर के पास सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक कार्यकम आयोजित होगा। यह कार्यक्रम रक्षा पेंशनभोगियों, नागरिक पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों की सहायता के लिए आयोजित की जा रही है, जिनकी पेंशन नए स्पर्श मॉड्यूल में स्थानांतरित हो गई है। स्पर्श, प्रश्नों के आधार पर विसंगतियों और अन्य पेंशन संबंधी मुद्दों को हल करने के लिए वरिष्ठ अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। रक्षा मंत्रालय के रक्षा लेखा नियंत्रक ने स्पर्श यानी पेंशन प्रशासन प्रणाली–रक्षा लागू की है, जो सभी रक्षा और नागरिक पेंशनभोगियों के लिए वन स्टॉप समाधान प्रदान करने वाला एक व्यापक पेंशन पैकेज है। अंडमान निकोबार कमान के क्षेत्रीय लेखा कार्यालय ने भी सभी रक्षा पेंशनभोगियों, नागरिक पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों से इसमें शामिल होने का अनुरोध किया है, ताकि उनकी पेंशन संबंधी सभी समस्याओं का समाधान किया जा सके।

<><><><><><><>

दुनिया भर में औसत मासिक तापमान अत्यधिक बढ़ने के कारण दो हजार चौबीस के अब तक का सबसे गर्म वर्ष रहने की आशंका है। कॉप–29 सम्मेलन के दौरान जारी विश्व मौसम संगठन की रिपोर्ट में कहा गया है कि महत्वाकांक्षी पेरिस समझौता गंभीर खतरे में है। पेरिस समझौते का लक्ष्य धरती की सतह के दीर्घकालिक औसत तापमान में वृद्धि को दो डिग्री से नीचे रखना है। समझौते में इस तापमान को एक दशमलव पांच–चार डिग्री तक सीमित रखने के प्रयासों पर बल दिया गया है। विश्व मौसम संगठन द्वारा प्रयुक्त छह अंतरराष्ट्रीय आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार जनवरी से सितंबर के दौरान सतह की वायु का वैश्विक औसत तापमान औद्योगिक युग से पहले के औसत तापमान से एक दशमलव पांच चार डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इस कारण अल नीनो की घटना को प्रोत्साहन मिला।

<><><><><><><>

वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डिगलीपुर में कल क्षेत्रीय विज्ञान, कला और शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें उत्तरी अंडमान क्षेत्र के पांच क्लस्टर संसाधन केंद्र और साठ से अधिक स्कूलों ने भाग लिया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त कमलेश्वर राव एस. ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं के मन में पहले से मौजूद जिज्ञासा और रचनात्मकता को जगाना और उपयुक्त मंच प्रदान करना है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उप–शिक्षा अधिकारी कार्यालय प्रतिभाशाली युवा छात्रों की परियोजनाओं का चयन करेगी। इस अवसर पर पंचायत समिति प्रमुख दीपांकर मिस्त्री ने शिक्षा विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने के लिए प्रयास कर रही है। विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत सुभाषग्राम के प्रधान पी.आर. सिंगाराम ने युवा छात्रों के प्रयासों की सराहना की। इससे पहले अतिथियों का स्वागत करते हुए उप शिक्षा अधिकारी सुलोचमा ने बताया कि राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में पांच क्लस्टर संसाधन केंद्रों से साठ से अधिक कार्यशील मॉडल और निर्णायक मंडल द्वारा चयनित सर्वश्रेष्ठ मॉडलों को शामिल किया जाएगा।

<><><><><><><>

विद्युत विभाग के विभिन्न पदों के लिए चयनित उम्मीदवारों की दस्तावेजों की जांच कल की जाएगी। जांच दो चरणों में होगी। उम्मीदवारों से कहा गया है कि वे सुबह दस बजे से अपने मूल दस्तावेजों के साथ फीनिक्स बे स्थित पावर हाउस के सम्मेलन कक्ष में उपस्थित रहे।

उधर, डीब्रेट में विभिन्न पदों के लिए होने वाले कम्प्यूटर आधारित परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में असुविधा हो रही थी, जिसका समाधान कर लिया गया है। अब उम्मीदवार भर्ती पोर्टल से नया प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। किसी भी जानकारी के लिए उम्मीदवार से पन्द्रह नवम्बर से पहले संस्थान से संपर्क करने को कहा गया हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल के तहत दक्षिण अंडमान उप शिक्षा अधिकारी ने आज क्षेत्र के प्राथमिक कक्षा के छात्रों के लिए पहला अंतर विद्यालय स्किपिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता नेताजी स्टेडियम के बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित की गई। उद्घाटन अवसर पर शिक्षा निदेशालय के सहायक निदेशक खेल इरशाद अहमद मुख्य अतिथि थे और युवा मामले और खेल विभाग के सहायक निदेशक खेल बिस्वनाथ सेन, सम्मानीय अतिथि थे। समापन समारोह में उप शिक्षा निदेशक (पर्ल) एम वी जॉली, मुख्य अतिथि थीं। उन्होंने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले विजेताओं को ट्रॉफी, पदक और प्रमाण देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में मिडिल स्कूल मरियम्मन मंदिर की टीम को पहला, सरस्वती शिशु मंदिर की टीम को दूसरा और प्राथमिक विद्यालय कृष्णा नगर, स्वराज द्वीप की टीम को तीसरा स्थान हासिल हुआ।

उधर, दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल के स्कूली विद्यार्थियों के सोलह वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों के लिए कब्बडी नॉकआउट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। बॉयस स्कूल और जी डी एम एस स्कूल मैदान में आज लड़कों के कुल छः और लड़कियों के चार मैच खेले गए।

<><><><><><><>